डीपीएस दुर्ग में प्राइमरी विभाग का 'अभिव्यक्ति' ओपन डे एवं वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में शुक्रवार, 6 फरवरी को प्राइमरी विभाग द्वारा आयोजित ओपन डे 'अभिव्यक्ति' सेलिब्रेशन एवं वार्षिक उत्सव अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग जिला महापौर श्रीमती अलका वाघमार थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इंग्लिश प्ले, बिहू लोकनृत्य, रूस का अंतर्राष्ट्रीय लोकनृत्य तथा नृत्य नाटिका 'आत्म मंथन : पंचतत्व से आत्मबोध की ओर' विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। नृत्य नाटिका में पंचतत्वों के महत्व एवं पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा।

प्राइमरी विभाग की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सपना चौधरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अलका वाघमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, मोबाइल से दूरी बनाने तथा बच्चों की रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती पुनीता नेहरू ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच विश्वास एवं समन्वय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संस्कार, अनुशासन एवं सहपाठ्य गतिविधियों में सहभागिता को बचपन से ही विकसित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर सीनियर मास्टर श्री आर. सी. द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर श्रीमती लथिका नायर, श्रीमती सपना चौधरी, श्रीमती नवनीत कौर एवं श्रीमती सादिया फ़ारूकी सहित विद्यालय की समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएँ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।